# जिला खेल कार्यालय, स्पोर्ट्स स्टेडियम–बलरामपुर

पत्रांकः– 449/2023–24 दिनांक– 08 फरवरी, 2024

## प्रेस विज्ञप्ति

**सत्र 2024–25 में स्पोर्ट्स कालेज में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ होने के संबंध में।**

गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ, मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कालेज सैफई तथा वीर बहादुर सिंह स्पोटर्स कालेज गोरखपुर में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई। तीनों स्पोर्ट्स कालेज में इस बार प्रवेश के लिए सिर्फ आनलाइन आवेदन ही मान्य होगें। इनमें विभिन्न खेलों के लिए कक्षा–6 में दाखिले होंगे। आवेदन करने वाले खिलाड़ियों की उम्र 09 से 12 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। मण्डलीय मुख्यालयों में प्रवेश के लिए प्रारम्भिक चयन प्रक्रिया 16 फरवरी, 2024 से शुरू होगी। इसमें चयनित खिलाड़ी अंतिम चयन परीक्षा में शामिल होगें। अंतिम चयन, प्रक्रिया लखनऊ में आयोजित की जायेगी। खिलाड़ी कालेज की वेबसाइट **sportscollegelko.in** या **khelsathi.in** के जरिए दिनांक 15.02.2024 को सायं 05:00 बजे तक आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु स्पोर्ट्स कालेज के उपरोक्त बेवसाइट पर जाकर प्राप्त कर सकते है।

भवदीय

(दिनेश कुमार)
क्रीड़ाधिकारी
बलरामपुर

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिला विद्यालय निरीक्षक, बलरामपुर।
2. बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर।
3. जिला सूचना अधिकारी, बलरामपुर।
4. जिला युवा कल्याण अधिकारी, बलरामपुर।
5. समस्त संवाददाता, बलरामपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि खेल हित में उपरोक्त विज्ञप्ति को अपने–अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने की कृपा करें।
6. स्टेडियम नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

08/02/24
क्रीड़ाधिकारी
बलरामपुर